संपादकीय

# घाटे का सौदा

गठबंधन के मुद्दे पर राहुल गांधी और हरियाणा के पार्टी नेता समान धरातल पर नहीं थे। गांधी संभवतः इंडिया गठबंधन में शामिल तमाम दलों को एकता का संदेश देना चाहते थे, लेकिन (अति) आत्म-विश्वास से भरपूर प्रदेश नेताओं को यह घाटे का सौदा लगा।

अब जाहिर है कि कांग्रेस नेतृत्व ने बिना होम वर्क किए आम आदमी पार्टी के सामने हरियाणा में गठबंधन करने का प्रस्ताव रखा। इस मुद्दे पर राहुल गांधी और हरियाणा के प्रमुख पार्टी नेता समान धरातल पर नहीं थे। गांधी संभवतः इंडिया गठबंधन में शामिल तमाम दलों को संदेश देने के लिए हरियाणा के चुनाव का इस्तेमाल करना चाहते थे, लेकिन अपनी जीत के (अति) आत्म-विश्वास से भरपूर प्रदेश नेताओं को यह घाटे का सौदा लगा। आखिरकार बात आगे नहीं बढ़ी।

इससे इंडिया गठबंधन में कुल मिलाकर नकारात्मक माहौल बना है। आ.आ.पा. नेताओं ने कहा है कि उनकी पार्टी को सम्मानजनक सीटें ना देने की जिद' किए कांग्रेस नेताओं को चुनाव नतीजा आने पर पछताना होगा। उधर अखिलेश यादव की टिप्पणी भी गौरतलब है। समाजवादी पार्टी के हरियाणा में चुनाव ना लडने़ का एलान करते हुए उन्होंने यह रेखांकित कर दिया कि प्रदेश विशेष में सबसे मजबूत पार्टी गठबंधन के स्वरूप के बारे में तय करे, वे इस सिद्धांत के अनुरूप यह निर्णय ले रहे हैं।

परोक्ष रूप से उन्होंने कहा है कि जब बात उत्तर प्रदेश की आएगी, तो वहां कांग्रेस नेताओं को भी इसी सिद्धांत के तहत सपा जो फैसला करे, उसे स्वीकार करना चाहिए। वहां कांग्रेस के उतने दावे को ही सपा स्वीकार करेगी, जो उसके मुताबिक भाजपा को हराने के मकसद से उचित होगा।

कुल सूरत यह उभरी है कि इंडिया गठबंधन की पार्टियां भाजपा को हराने के मकसद पर तो एकमत हैं, मगर इसके लिए वे अपने सियासी हितों से समझौता करने को राजी नहीं हैं। इस कारण इस गठबंधन की एकता सीट बंटवारे जैसे मुद्दे को लेकर अनेकता में बदल जाती है।

उधर कांग्रेस के बारे में सवाल उठा है कि क्या पार्टी की राज्य इकाइयां केंद्रीय नेतृत्व की प्राथमिकताओं से संचालित नहीं होतीं और क्या पार्टी में अंदरूनी संवादहीनता की स्थिति है? कांग्रेस नेतृत्व अगर आखिरी दौर में जाकर गठबंधन की पेशकश नहीं करता, तो ऐसे सवालों से बचा जा सकता था। आखिर आ.आ.पा. ने तो लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद कांग्रेस से गठबंधन खत्म करने का एलान कर दिया था। कांग्रेस ने ही ये मुद्दा फिर जिंदा किया।

# मेटा ने की आरटी समेत रूसी मीडिया आउटलेट्स पर बैन लगाने की घोषणा

**न्यूयॉर्क**

सोशल मीडिया दिग्गज मेटा ने घोषणा की कि उसने कथित विदेशी हस्तक्षेप गतिविधि को लेकर रूसी राज्य मीडिया प्रसारक आरटी और अन्य क्रेमलिन-नियंत्रित नेटवर्क पर प्रतिबंध लगा दिया है।




फेसबुक की मूल कंपनी मेटा ने आरोप लगाया है कि कुछ रूसी मीडिया संस्थानों ने धोखे से लोगों को प्रभावित करने की कोशिश की और पकड़े जाने से बचने की भी कोशिश की।

मेटा के प्रवक्ता ने कहा, सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद, हमने रूसी सरकारी मीडिया संस्थानों के खिलाफ अपनी कार्रवाई को बढ़ा दिया है। रॉसिया सेगोदन्या, आरटी और अन्य संबंधित संस्थानों को अब विदेशी हस्तक्षेप गतिविधि के लिए हमारे ऐप्स से वैश्विक स्तर पर प्रतिबंधित कर दिया गया है।

यह प्रतिबंध आने वाले दिनों में फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और थ्रेड्स सहित मेटा के प्लेटफार्मों पर लागू किया जाएगा। सोशल मीडिया दिग्गज 2022 से अपने विभिन्न प्लेटफार्म पर रूसी राज्य-नियंत्रित मीडिया के प्रभाव को कम कर रहा है।

प्रतिबंध से पहले, आरटी के 7.2 मिलियन फेसबुक फॉलोअर्स और 1 मिलियन इंस्टाग्राम फॉलोअर्स थे।

यह कार्रवाई अमेरिका के हालिया आरोपों के जवाब में है कि रूसी मीडिया, विशेष रूप से आरटी, दुनिया भर के लोगों को प्रभावित करने के लिए गुप्त गतिविधियों में भाग ले रहा है।

इस महीने की शुरुआत में, दो आरटी कर्मचारियों पर अमेरिकी अधिकारियों ने मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाया था। उन पर आरोप है कि उन्होंने 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव को प्रभावित करने के इरादे से एक अमेरिकी कंपनी को मैटेरियल बनाने के लिए शामिल करने की योजना बनाई थी।

शुक्रवार को, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कई देशों से रूसी राज्य प्रसारक आरटी के साथ ऐसा ही सावधानी भरा व्यवहार करने का आह्वान किया।

विदेश विभाग के ग्लोबल एंगेजमेंट सेंटर के समन्वयक, जेम्स रुबिन ने इन चिंताओं को दोहराया, आरटी को एक ऐसे चैनल के रूप में लेबल किया, जहां प्रचार, दुष्प्रचार और झूठ दुनिया भर में अरबों नहीं तो लाखों लोगों तक फैलाया जाता है।

आरटी ने अमेरिका की कार्रवाइयों का उपहास उड़ाया है और उस पर प्रसारक को एक पत्रकारिता संगठन के रूप में काम करने से रोकने की कोशिश करने का आरोप लगाया है।

इस बीच, रूस ने अभी तक प्रतिबंध पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

# अमेजन ने समीर कुमार को नियुक्त किया भारत का कंट्री मैनेजर

**नई दिल्ली**

ई-कॉमर्स दिग्गज अमेजन ने मनीष तिवारी के अचानक कंपनी छोडऩे के बाद बुधवार को समीर कुमार को भारत का कंट्री मैनेजर नियुक्त करने का ऐलान किया है।

कंपनी की ओर से आज जारी अपडेट के अनुसार, समीर कुमार 1999 से अमेजन में कार्यरत हैं। वह 1 अक्टूबर से भारत में परिचालन संबंधी जिम्मेदारियां संभालेंगे।

कंपनी के अनुसार, अमेजन के साथ काम करने का 25 साल का अनुभव रखने वाले समीर कुमार अब कंपनी के भारत उपभोक्ता व्यवसाय की देखरेख करेंगे। अमेजन इंडिया के वर्तमान कंट्री मैनेजर मनीष तिवारी ने कंपनी के बाहर अवसर तलाशने का फैसला किया है।

मनीष तिवारी ने जुलाई 2020 से भारत में अमेजन के कामकाज का नेतृत्व किया था। उन्होंने 6 अगस्त को अपना इस्तीफा दे दिया था। मनीष तिवारी के इस्तीफे की वजह यह बताई जा रही है कि उनके और कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल के बीच कई मतभेद थे।

अमित अग्रवाल ने एक आंतरिक ईमेल में कहा, तिवारी ने अमेजन डॉट इन को भारतीयों के लिए ऑनलाइन कुछ भी खरीदने और बेचने का वास्तविक प्रारंभिक बिंदु बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

यह नई भूमिका समीर कुमार के लिए एक अतिरिक्त जिम्मेदारी होगी, जो पहले से ही मध्य पूर्व, दक्षिण अफ्रीका और तुर्की में अमेजन के उपभोक्ता व्यवसायों का नेतृत्व कर रहे हैं। अमित अग्रवाल ने कहा कि अमेजऩ के लिए भारत एक महत्वपूर्ण प्राथमिकता बना हुआ है।

उन्होंने कहा, हमारे पास एक मजबूत स्थानीय नेतृत्व बेंच है और उभरते बाजारों में समीर के अनुभवों के साथ, मैं भारत में ग्राहकों और व्यवसाय के लिए हमारी भविष्य की योजनाओं के बारे में और भी अधिक आशावादी हूं। वर्ष 1999 में अमेजन में शामिल होने वाले कुमार 2013 में अमेजन डॉट इन की योजना बनाने और उसे लॉन्च करने वाली टीम का भी हिस्सा थे। कंपनी ने कहा कि नए बदलाव के साथ अमेजऩ इंडिया एक डुअल लीडरशिप स्ट्रक्चर का पालन करेगी।

# वनडे फॉर्मेट में अपना 100वां मैच खेलेंगे एडम जम्पा

**नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया की आगामी वनडे सीरीज का पहला मैच 19 सितंबर को इंग्लैंड के खिलाफ ट्रेंट ब्रिज में खेला जाएगा। इस मुकाबले में एडम जम्पा इस फॉर्मेट में अपना 100वां मैच खेलेंगे। इस उपलब्धि को हासिल करने के करीब पहुंचने पर जम्पा ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह अपने देश के लिए वनडे में इतने मैच खेल पाएंगे।


वे 100 वनडे खेलने वाले 32वें ऑस्ट्रेलियाई पुरुष खिलाड़ी बन जाएंगे। साथ ही शेन वॉर्न और ब्रैड हॉग के बाद ऑस्ट्रेलिया के लिए यह उपलब्धि हासिल करने वाले वे सिर्फ तीसरे विशेषज्ञ स्पिनर बन जाएंगे। इस खास मौके पर उनकी पत्नी हेरिएट, बेटा यूजीन और माता-पिता डैरेन और एलिसन ट्रेंट ब्रिज में मौजूद रहेंगे।

क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से बात करते हुए जम्पा ने कहा, मैं 100 वनडे मैच खेलने पर गर्व महसूस कर रहा हूं। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं ऑस्ट्रेलिया के लिए इतना खेलूंगा।

# रुपया दुनिया की सबसे स्थिर मुद्राओं में से एक : शक्तिकांत दास

**नई दिल्ली**

पूरी दुनिया में डॉलर के मुकाबले रुपया सबसे स्थिर मुद्राओं में एक उभरकर आया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास की ओर से यह जानकारी दी गई है। दास के मुताबिक, केंद्रीय बैंक की नीति रुपये में अस्थिरता को रोकना है। दास ने रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए कहा, स्थिर रुपया बाजार में निवेशकों में विश्वास पैदा करता है और इससे अर्थव्यवस्था को भी बढ़ाने में मदद मिलती है। आरबीआई, फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में रुपये को स्थिर रखने के लिए लगातार कार्य करता रहा है। इसके लिए जरूरत पडऩे पर सरकारी बैंकों के माध्यम से अमेरिकी डॉलर की भी बिक्री की जाती है।



इससे पहले ग्लोबल इन्वेस्टमेंट फर्म जेफरीज की ओर से एक नोट जारी किया गया था, जिसमें बताया गया कि बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में रुपया दुनिया की सबसे स्थिर मुद्राओं में से एक है। मार्केट एनालिस्ट ने कहा कि रुपये के स्थिर रहने की वजह डॉलर में कमजोरी का होना है, जिसके कारण रुपया में डॉलर के मुकाबले मामूली कमी आई है।

एलकेपी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट – कमोडिटी और करेंसी, जतिन त्रिवेदी ने कहा कि बाजार का ध्यान अब अमेरिकी फेड की आने वाली बैठक पर है। इसमें ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की जा सकती है। ब्याज दरों में कटौती होने की अधिक संभावना की वजह अमेरिका का खराब जॉब डेटा होना है, जिसमें जॉबलेस क्लेम की संख्या बढक़र 2,30,000 हो गई है, जो कि 2,28,000 आने की उम्मीद थी।

मंगलवार के शुरुआती कारोबार में रुपया डॉलर के मुकाबले 2 पैसे की बढ़त के साथ 83.84 पर कारोबार कर रहा था। मार्केट एक्सपर्ट्स के मुताबिक, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया स्थिर रहने की उम्मीद है। 83.80 से लेकर 83.70 एक अहम सपोर्ट लेवल है। वहीं, 84.05 से लेकर 84.15 एक अहम रुकावट का स्तर है।

# हमारा लक्ष्य टी20 टीम की प्लेइंग-11 को स्टेबल करना है: हीली

**नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने कहा कि उनकी टीम प्रयोग करने के बजाय न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए अपने प्लेइंग-11 को स्टेबल करने का लक्ष्य रखेगी। यह सीरीज गुरुवार से मैके के ग्रेट बैरियर रीफ एरिना में शुरू होगी।

न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से ऑस्ट्रेलिया की लगातार चौथी बार महिला टी20 विश्व कप खिताब जीतने की तैयारी शुरू हो गई है। यह टूर्नामेंट 3-20 अक्टूबर तक यूएई में होगा। मार्च में बांग्लादेश दौरे के बाद से ऑस्ट्रेलियाई टीम की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी होगी।



एलिसा ने पत्रकारों से कहा, मुझे लगता है कि जब आप हमारी टीम को देखते हैं, तो हम लंबे समय से टी20 खेल में काफी स्थिर रहे हैं। बांग्लादेश हमारे लिए कुछ चीजों को आजमाने का एक अच्छा अवसर था, अगर हमारे कुछ प्रमुख खिलाड़ी बाहर हो जाते हैं, तो कौन उनकी भूमिका निभा सकता है। हम ऐसे कई सवालों के जवाब ढूंढ रहे थे।

मुझे लगता है कि अब हमारे लिए, विश्व कप से पहले हमारी प्लेइंग-11 में कुछ स्थिरता है। हम इस संबंध में अच्छी स्थिति में हैं।दुबई की तुलना में बहुत अलग परिस्थितियां मिलेंगी, इसलिए यह हमारे लिए हर अवसर पर अपनी सर्वश्रेष्ठ प्लेइंग-11 के साथ खेलने और कुछ चीजों को सही जगह पर आजमाने का है। हमारे दिमाग में विश्व कप है और उसकी तैयारी पुख्ता करना हमारा लक्ष्य।

न्यूजीलैंड से मिलने वाली चुनौती के बारे में बात करते हुए, जिसे महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप-ए में ऑस्ट्रेलिया के साथ रखा गया है, एलिसा ने कहा, हमने अतीत में न्यूजीलैंड के खिलाफ कुछ बेहतरीन मुकाबले खेले हैं। इनके खिलाफ एक बार फिर घरेलू और विदेशी सीरीज खेलना अच्छा है।

उन्होंने अपनी बात खत्म करते हुए कहा कि ऑस्ट्रेलिया तेज गेंदबाज तायला व्लामिनक और डार्सी ब्राउन को एक साथ प्लेइंग-11 में शामिल करने के लिए उत्सुक है, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि इससे टीम थिंक टैंक के लिए चयन संबंधी परेशानी खड़ी हो जाएगी।

# महिला टी20 विश्व कप के लिए बांग्लादेश की 15 सदस्यीय टीम का ऐलान

**ढाका**

बांग्लादेश ने महिला टी-20 विश्व कप 2024 के लिए विकेटकीपर-बल्लेबाज निगार सुल्ताना जोटी की अगुवाई में 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। यह टूर्नामेंट 3 से 20 अक्टूबर तक यूएई में खेला जाएगा।



विश्व कप के लिए बांग्लादेश की टीम में जुलाई में महिला एशिया कप के लिए उतारी गई टीम से कुछ बदलाव किए गए हैं।

लेग स्पिनर फहीमा खातून और बल्लेबाज सोभना मोस्टरी की वापसी बांग्लादेश की टीम में हुई है, जबकि शीर्ष क्रम की अनकैप्ड बल्लेबाज ताज नेहर, सलामी बल्लेबाज साथी रानी और ऑलराउंडर दिशा बिस्वास को भी 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है।

बांग्लादेश की टीम में ऑलराउंडर रूमाना अहमद, बाएं हाथ की बल्लेबाज रुबिया हैदर झेलिक, ऑलराउंडर शोरीफा खातून, ओपनर इश्मा तनजीम और बाएं हाथ की स्पिनर सबिकुन नाहर जेसमीन को शामिल नहीं किया गया है।

बांग्लादेश की कुछ खिलाड़ी, जिनमें निगार, फहीमा, राबेया खान, शोरना अख्तर, दिलारा अख्तर, जहांआरा आलम और मारुफा अख्तर शामिल हैं, 'ए' टीम के दौरे के तहत श्रीलंका में हैं।

आईसीसी ने 20 अगस्त को एशियाई देश में राजनीतिक अस्थिरता और सुरक्षा चिंताओं के कारण महिला टी20 विश्व कप को बांग्लादेश से यूएई में शिफ्ट कर दिया था। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड टूर्नामेंट का मेजबान बना रहेगा जबकि यूएई टूर्नामेंट का होस्ट है।

बांग्लादेश को टूर्नामेंट के 9वें संस्करण के लिए 2009 के चैंपियन इंग्लैंड, 2016 के विजेता वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका और स्कॉटलैंड के साथ ग्रुप बी में रखा गया है।

वे अपना अभियान 3 अक्टूबर को शारजाह में स्कॉटलैंड के खिलाफ शुरू करेंगे। फिर, 5 अक्टूबर को इंग्लैंड के खिलाफ मैदान में उतरेंगे।

# फिल्म जिगरा का सॉन्ग चल कुड़िए रिलीज, आलिया-दिलजीत के गाने में दिखी महिला सशक्तिकरण की झलक

आखिरकार, बीटीएस तस्वीरों के बाद आलिया भट्ट की जिगरा का गाना चल कुड़िए रिलीज हो गया है. मेकर्स ने दिलजीत दोसांझ और एक्ट्रेस के साथ वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया, फैंस इसे खूब पसंद कर रहे हैं. जिगरा 2024 की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है. हिट ट्रैक इक कुड़ी के आठ साल बाद दिलजीत आलिया की जोड़ी एक साथ आई है.




आलिया भट्ट ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमे दोनों ने इस खूबसूरत ट्रैक के लिए कोलेब किया है. गाना महिला सशक्तिकरण पर आधारित है. जिसे शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है- चल कुड़िए अभी आ गई है, जिगरा सिनेमाघरों में, 11 अक्टूबर को. एक फैन ने लिखा- आलिया सुपरस्टार हैं. एक ने लिखा- शुरुआती डायलॉग ने ही मुझे प्रभावित कर लिया. साथ ही, आलिया की आवाज दिलजीत की एनर्जी से मैच करती है. इस म्यूजिक वीडियो में दिलजीत व्हाईट आउटफिट में नजर आ रहे हैं. जबकि आलिया ने भी टी शर्ट पहन रखी है जिस पर 'घर' शब्द मेंशन है. यह गाना अब सारेगामा यूट्यूब चैनल और सभी ऑडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर अवेलेबल है.

# श्रद्धा कपूर ने तोड़ डाला शाहरुख खान की फिल्म का रिकॉर्ड, जवान से कमाई में आगे निकली स्त्री 2

स्त्री 2 ने बॉक्स ऑफिस पर अब शाहरुख खान की बॉलीवुड की सबसे कमाऊ फिल्म जवान को पछाड़ दिया है. स्त्री 2 ने यह करिश्मा घरेलू बॉक्स ऑफिस पर किया है. स्त्री 2 ने साल 2023 में रिलीज हुई शाहरुख खान की फिल्म जवान की घरेलू ग्रॉस कमाई का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. खबरों की मानें तो स्त्री 2 अब इंडियन सिनेमा की सबसे कमाऊ फिल्म बन गई है.



श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव स्टारर हॉरर कॉमेडी फिल्म स्त्री 2 बीती 15 अगस्त को रिलीज हुई थी. फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 60 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई से खाता खोला था. स्त्री 2 वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 800 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है. सोशल मीडिया पर बज है कि स्त्री 2 ने अब जवान के लाइफटाइम कलेक्शन 583 करोड़ रुपये को बीट कर 583.30 करोड़ रुपये कमा लिए हैं.

# मच्छर भगाने वाली लिक्विड मशीन का करते हैं यूज, तो हो जाएं सावधान

मच्छरों से बचने के लिए लोग काफी सारी चीजों का इस्तेमाल करते है. वहीं इस चीज में सबसे ज्यादा इस्तेमाल लिक्विड मशीन का इस्तेमाल करते है क्योंकि मॉस्किटो ब्रीडिंग काफी ज्यादा बढ़ जाती है. लेकिन क्या आप जानते है इसका रोजाना यूज करना सेहत के लिए कितना ज्यादा हानिकारक हो सकता है. जो लिक्विड मॉस्किटो किलर केमिकल्स पर बेस्ट होते हैं, वो मच्छरों को मारती हैं, लेकिन हम इन्हें सांस से लेते है. जिससे हमारे शरीर पर काफी ज्यादा नकारात्मक प्रभाव पड़ता है. आइए आपको बताते है कि इसका ज्यादा इस्तेमाल करने से हमारे शरीर पर काफी नुकसान पहुंचता है.

**अस्थमा या सांस लेने में दिक्कत -** मच्छर भगाने वाली लिक्विड मशीनों में कई हानिकारक केमिकल्स होते हैं, जैसे प्रलैथ्रिन और एलेथ्रिन, जो सांस के जरिए हमारे शरीर में प्रवेश कर सकते हैं. ये रिस्पिरेटरी सिस्टम पर नेगेटिव इफेक्ट डाल सकते हैं. जिन लोगों को पहले से अस्थमा या सांस लेने में दिक्कत होती है, उनके लिए ये समस्या और गंभीर हो सकती है.

**त्वचा में जलन-** लिक्विड में जो चीज होती है उसकी रसायन त्वचा और आंखों पर काफी बुरा असर डालती है. वहीं लंबे समय तक इससे संपर्क में रहने से त्वचा पर जलन, खुजली इसके अलावा लाल चकत्ते भी हो सकते हैं. इसी तरह आंखों में जलन और खुजली की दिक्कत हो सकती है.

**नर्वस सिस्टम कमजोर -** अगर आप लंबे टाइम तक लिक्विड मशीन का इस्तेमाल करते हैं, तो इससे आपके नर्वस सिस्टम पर काफी ज्यादा असर पड़ता है. वहीं काफी बार लोग इससे चिड़चिड़ापन, थकान और मानसिक तनाव जैसी दिक्कते महसूस करते हैं.


**सिर दर्द और चक्कर-** लिक्विड मॉस्किटो किलर से निकलने वाली गंध कई लोगों को सिर दर्द या चक्कर आने की समस्या दे सकती है. खासकर अगर कमरे में अच्छी तरह से वेंटिलेशन न हो, तो इसकी गंध और ज्यादा नुकसानदायक हो सकती है.

**इम्यूनिटी कमजोर होना-** इससे बच्चों और बुजुर्गों की इम्यूनिटी कमजोर होती है. ऐसे में मच्छर भगाने वाले लिक्विड के रसायनों का उन पर काफी ज्यादा प्रभाव पड़ता है. बच्चों में एलर्जी, सांस की समस्या और अन्य शारीरिक समस्याएं पैदा हो सकती हैं.

# शब्द सामर्थ्य- 182

**बाएं से दाएं**
1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**
1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 181 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | ■ | ■ | प | यो | द | ■ |
| न | ■ | ह | क | दा | र | ■ | ल | य |
| ह | वा | ला | त | ■ | च | ■ | द | म |
| गा | ■ | ■ | रा | ज | म | ह | ल | ■ |
| र | ई | स | ■ | ग | ■ | स | ■ | अ |
| ■ | मा | ■ | प | त | वा | र | ■ | ल |
| ख | न | क | ना | ■ | ह | त | ■ | बे |
| स | दा | ■ | ह | ■ | वा | ■ | शो | ला |
| रा | र | ■ | ■ | ■ | ही | र | क | ■ |

# सू-दोकू- 182

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.181 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

# आज का राशिफल

**मेष:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज कही रूका हुआ पैसा वापस मिलेगा। आज आप अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए कुछ नयी योजना बनायेंगे, जिसका फायदा भी होगा।

**वृष:** आज घर पर किसी रिश्तेदार के आने से परिवार में ख़ुशी का माहौल बना रहेगा। साथ में कहीं घूमने भी जायेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। सोचे हुए जरूरी काम समय पर पूरा हो जायेगा।

**मिथुन:** आज आपको अपनी वाणी पर संयम रखने की जरुरत है। आपको कुछ समय परिवार के लिए जरूर निकालना चाहिए। आज आप किसी काम में बहुत ज्यादा व्यस्त रहेंगे। दूसरों की कोई सलाह आपके लिए फायदेमंद सिद्ध होगी।

**कर्क:** आज माता-पिता की सलाह आपके लिए कारगर साबित होगी। संतान की सफलता से आपको ख़ुशी होगी। आपको गंभीर मामलों को शांति और बातचीत से सुलझाने की कोशिश करनी चाहिए। आज आप थोड़े भावुक भी हो सकते हैं।

**सिंह:** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। संतान की तरफ से कोई शुभ समाचार मिलेगा। आज आपका पूरा ध्यान अपने करियर को आगे बढ़ाने पर रहेगा। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**कन्या:** आज आपको अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे है। आज आपको ऑफिस में कोई नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जिसे पूरा करने में आप सफल भी होंगे। परिवार में ख़ुशी का माहौल बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अच्छी-खासी सफलता मिलेगी।

**तुला:** आज व्यापार में उम्मीद से अधिक मुनाफा होने वाला है। परिवार वालों से कार्यों में मदद मिलती रहेगी। जीवनसाथी से फ़ोन पर लम्बी बात होगी, जिसमे कार्यों को बेहतर ढंग से करने की चर्चा होगी।

**वृश्चिक:** आज परिवार के साथ कहीं घूमने जायेंगे। आज किसी अनजान व्यक्ति से आपकी दोस्ती होगी, जो लम्बे समय तक चलेगी। कला और साहित्य से जुड़े लोगों को आज कही परफॉर्म करने का मौका मिलेगा।

**धनु:** आज ऑफिस के काम को पूरा करने में आप पूरी तरह से सक्षम होंगे। इस राशि के लॉ की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों के लिए आज का दिन बहुत बढ़िया रहेगा। आपको किसी सीनियर्स वकील के साथ इंटर्नशिप करने का मौका मिलेगा।

**मकर:** आज खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे। इस राशि के विद्यार्थियों के लिए आज का दिन बेहतर है। अविवाहित लोगों के लिए विवाह के प्रस्ताव आयेंगे। आपके आसपास चहल-पहल बनी रहेगी। ऑफिस में आपको एक साथ कई काम करने पड़ पड़ेंगे।

**कुंभ:** आज आपका दिन बेहद शानदार रहने वाला है। लोग आज आपसे कुछ ज्यादा ही अपेक्षाएं रखेंगे, आप उनकी अपेक्षाओं पर खरे भी उतरेंगे। विद्यार्थिओं को आज के दिन कोई बड़ी उपलब्धि हासिल होगी।

**मीन:** आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज कोई अनजान व्यक्ति आपका मुड खऱाब कर सकता है। किसी काम में अनुमान से ज्यादा ही मेहनत और समय लग सकता है। आज स्वास्थ्य के प्रति भी आपको सजग रहने की जरूरत है।